सदभ शत (टाआआर)

## कनसल्टेंट – सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत स्वायत्त पंजीकृत संस्था के रूप में की गई है ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता और क्षमता बढ़ाने के लिए समर्थन उपलब्ध कराया जा सके। एनएचएसआरसी को स्वास्थ्य नीति/कार्यक्रम डिजाइन और मूल्यांकन में योगदान करने का भी जनादेश प्राप्त है।

यदि आप स्वास्थ्य निष्पक्षता और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार और राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के बारे में अनुभव के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने की प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर उपलब्ध कराता है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले एनएचएसआरसी के दल के साथ कार्य करके आप सेवा वितरण प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्द्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधान खोजने, अपनाने, सह–सर्जन और प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह जिला और उप–जिला कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान के आदान–प्रदान और सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के सपने को साकार करने में समर्थ होने के जरिए स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए समर्थन उपलब्ध कराने का अवसर है।

कनसल्टेंट के रूप में आप में निर्धारित समय–सीमा के अंदर असाइनमेंट्स पूरे करने की क्षमता होनी चाहिए। आपमें कार्य पूरा करने और ऐसी उपलब्धियों को दिखाने के लिए ऐसा उत्साह होना चाहिए जो मापनीय है।

एनएचएसआरसी सलाहकार–पीएसए के तहत विशुद्ध रूप से अनुबंध आधार पर कनसल्टेंट – सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन की भर्ती करने का इरादा रखता है।

भूमिकाएं और उत्तरदायित्व :

- मॉडल स्वास्थ्य जिलों (एमएचडी), आपातकालीन एवं महत्वपूर्ण देखभाल सेवाओं सहित जिला अस्पताल को सुदृढ़ बनाने, हरित एवं जलवायु अनुकूल अवसंरचना, रेफरल परिवहन और एमएमयू, शिकायत समाधान प्रणाली एवं स्वास्थ्य हेल्पलाइन, आकांक्षी जिला कार्यक्रम, भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक 2022, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन काडर जैसे विशिष्ट कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य में एफसी–एक्सवी एवं पीएम–एबीएचआईएम, समर्थक पर्यवेक्षण (एसएस) इत्यादि जैसी नई पहल के लिए राज्यों को तकनीकी एवं हैंडहोल्डिंग समर्थन उपलब्ध कराना।
- रिपोर्ट तैयार करने के लिए राज्यों में कार्यान्वयन प्रगति की समीक्षा के लिए समय–समय पर निगरानी यात्रा करना और राज्यों द्वारा सिफारिशों के कार्यान्वयन के बारे में फोलोअप।
- विभिन्न काडरों और स्वास्थ्य में कार्य कर रहे कर्मियों के लिए कार्यक्रम दस्तावेज एवं दिशानिर्देश और अन्य क्षमता निर्माण सामग्रियों का मसौदा तैयार करने में समन्वय।
- कार्यान्वयन में बाधाओं को दूर करने के लिए स्वास्थ्य प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली, तिमाही प्रगति रिपोर्ट इत्यादि जैसे विविध आंकड़ों के स्रोतों के माध्यम से प्रमाण सर्जन के लिए आंकड़ों का विश्लेषण और उपयोग करना।

- विशिष्ट तकनीकी क्षेत्रों के बारे में राज्यों को अभिमुख करने के लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राज्य–स्तरीय कार्यशालाएं एवं परामर्श के आयोजन में प्रभाग का समर्थन करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्णय लेना सुगम बनाने के लिए राज्यों से पीआईपी प्रस्तावों को मूल्यांकन करना।
- केंद्र या राज्य स्तर पर कार्यान्वयन साझेदारों/विकास साझेदारों के साथ संबंध जोड़ना।
- एनएचएसआरसी के अन्य प्रभागों के साथ समन्वय एवव सहयोग करना।
- जब और जैसे ही सलाहकार द्वारा सौंपा जाए पीएचए प्रभाग के अन्य असाइनमेंट करना।

**शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव :**
(प) अनिवार्य :

- स्नातक डिग्री – एमबीबीएस/बीडीएस
- सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक मेडिसिन (एमपीएच, एमडी सामुदायिक मेडिसिन), स्वास्थ्य देखभाल/अस्पताल प्रबंधन में स्नातकोत्तर या उच्च शिक्षा
- स्नातकोत्तर शैक्षिक योग्यता हासिल करने के पश्चात विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों/स्वास्थ्य नियोजन/स्वास्थ्य नीति एवं सलाह देने/सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने या स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव
- क्षेत्र स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों के परिचालन, राज्य, जिला, एवं ब्लॉक–लेवल स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के कार्य में प्रदर्शित अनुभव
- नीति स्तर पर एनएचएम कार्यक्रमों पर कार्य करने, निगरानी एवं मूल्यांकन, आंकड़ों के विश्लेषण, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन और शासन में दक्षता और अनुभव
- प्रतिभागी नियोजन, पीआईपी मूल्यांकनों, प्रशिक्षण मॉड्यूल एवं दिशानिर्देशों के विकास, उच्च प्राथमिकता वाले जिलों/आकांक्षी जिलों, राज्यों एवं आकांक्षी जिलों में रेफरल परिवहन इत्यादि में पूर्व अनुभव और प्रवीणता
- स्वास्थ्य में सकारात्मक परिणाम की ओर ले जाने वाली नूतन गतिविधियां करना या उनमें योगदान करना
- कंप्यूटर दक्षता के साथ एमएस वर्ड, एक्सेल, एसपीएसएस और पॉवर पाइंट जैसे सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाले पैकेज में प्रवीणता।
- पहल, स्वामित्व और सशक्त संचार कौशल की भावना के साथ गतिशील, होनहार एवं उच्चस्तर का निर्देशित और टीम के अंग के रूप में कोई भी उत्तरदायित्व लेने की उत्सुकता
- उत्कृष्ट मौखिक एवं लेखन संचार और प्रस्तुति कौशल और विश्लेषणात्मक एवं अंतरवैयक्तिक क्षमताएं
- उच्च गुणवत्ता का लेखन कार्य तैयार करने की क्षमता के साथ सख्त समय–सीमा में विस्तार के साथ ध्यान देना
- स्वास्थ्य प्रणाली के मुद्दों विशेषरूप से गरीबों और वंचित जनसंख्या के लिए कार्य करने के बारे में जुनून और समस्या समाधान के दृष्टिकोण के साथ राष्ट्रीय स्तर पर नीति पर कार्य करने को उत्सुक
- अनेक क्षेत्रों की टीम के वातावरण में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता

वांछनीयः

- केंद्रीय (या) राज्य स्तर पर समान कार्यक्रमों या गतिविधियों के लिए कार्य कर रहे उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी

- जिला या उससे नीचे द्वितीयक/प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल स्तर की सेवाओं में कार्य करने का अनुभव
- स्वास्थ्य प्रणाली या सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्रों में अनुसंधान अनुभव/प्रकाशित कार्य को अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा
- केंद्रीय स्तर, राज्य स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में या तकनीकी समर्थन निकायों के साथ पूर्व अनुभव वाले उम्मीवारों को वरीयता दी जाएगी

**उम्र सीमा** : 40 वर्ष और उससे नीचे ( आवेदन की अंतिम तिथि को )

**कार्य का स्थान** : नई दिल्ली के साथ आवश्यकता के आधार पर यात्रा के इच्छुक

**परिलब्धि सीमा** : रु. 60,000/– से रु. 1,20,000/– प्रति माह के बीच

**अन्य लाभः** उपर्युक्त उल्लेखित परिलब्धियों के अतिरिक्त एनएचएसआरसी के कनसल्टेंट निःशुल्क दुर्घटना बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल की प्रतिपूर्ति, लैपटोप प्रतिपूर्ति (एनएचएसआरसी की नीति के अनुसार), भारत सरकार की नीति के अनुसार 30 दिन का समेकित अवकाश, पूर्णतः सवेतन मातृत्व अवकाश (महिला कनसल्टेंट के लिए), वेतन वृद्धि, टीए/डीए और ड्यूटी के दौरान यात्रा के लिए प्रतिदिन जैसे लाभ के हकदार हैं।

**अनुबंध की अवधि** : आरंभ में 31 मार्च, 2025 तक, (संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के विषयाधीन समान अवधि के लिए विस्तार के साथ)

इस साक्षात्कार में चुने गए उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशलों के अनुसार और समुचित स्तर पर एनएचएसआरसी में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें** : उम्मीदवारों से आग्रह किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरें जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **26th December 2022.**है।